Adda247
GET IT ON Google Play

# Paper – II

## Hindi

Booklet Code

**A**

Subject Code : 1 8

A

Roll No. :

(Figures as per admission card)

Roll No. (in words) : ____________________

OMR Sheet No. :

TEST BOOKLET NO.

**Name and Signature of Invigilator/s**

Signature : ____________________

Name : ____________________

Time : 2 Hours — Maximum Marks : 200

Number of Pages in this Booklet : 16 — Number of Questions in this Booklet : 100

A

**Instructions for the Candidates**

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of hundred (100) multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the test booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested **to open the booklet and compulsorily examine it as below** :
   (i) To have access to the Test Booklet, tear off the paper seal on the edge of the cover page. Do not accept a booklet without sticker seal or open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Test Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After the verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.

   **Example** : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the questions are to be indicated in the **OMR Sheet kept inside this Booklet**. If you mark at any place other than in the circles, the OMR Sheet will not be evaluated.
6. Read the instructions given in OMR Sheet carefully. Fill the Booklet Code of Paper – II in OMR Sheet **Compulsorily**.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the OMR Answer Sheet, except for the space provided for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the OMR Answer Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must NOT carry it with you outside the Examination Hall.
10. You can take away test booklet and carbon copy of OMR Answer Sheet after the examination.
11. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
12. **Use of any calculator, electronic gadgets or log table, etc. is prohibited.**
13. **There is no negative mark for incorrect answer.**

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**70,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play



# HINDI
## Paper – II

**1.** प्रेमचंद का हिंदी में लिखित और प्रकाशित पहला कौन–सा उपन्यास है ?

(A) सेवासदन

(B) रंगभूमि

(C) कायाकल्प

(D) कर्मभूमि

**2.** 'रस सूत्र' के व्याख्याकारों का सही अनुक्रम क्या है ?

(A) अभिनवगुप्त, भट्टनायक, भट्टलोल्लट, शंकुक

(B) भट्टलोल्लट, शंकुक, भट्टनायक, अभिनवगुप्त

(C) भट्टनायक, अभिनवगुप्त, भट्टलोल्लट, शंकुक

(D) अभिनवगुप्त, भट्टनायक, शंकुक, भट्टलोल्लट

**3.** रुद्रट 'वक्रोक्ति' को शब्दालंकार मानते हैं, इसे अर्थालंकार किसने माना है ?

(A) आनन्दवर्धन

(B) वामन

(C) क्षेमेन्द्र

(D) दंडी

**4.** कालक्रम के अनुसार आचार्यों का कौन–सा क्रम सही है ?

(A) भामह, दंडी, आनन्दवर्धन, मम्मट

(B) दंडी, भामह, आनन्दवर्धन, मम्मट

(C) मम्मट, आनन्दवर्धन, भामह, दंडी

(D) भामह, दंडी, मम्मट, आनन्दवर्धन

**5.** 'दीप्त रसत्वं कांति' किस आचार्य की उक्ति है ?

(A) विश्वनाथ

(B) अभिनवगुप्त

(C) वामन

(D) मम्मट

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्र. सं. **6-10**):

शील हृदय की वह स्थाई स्थिति है जो सदाचार की प्रेरणा आप से आप करती है। सदाचार ज्ञान द्वारा परवर्तित हुआ है या भक्ति द्वारा, इसका पता यों लग सकता है कि ज्ञान द्वारा परवर्तित जो सदाचार होगा, उसका साधन बड़े कष्ट से– हृदय को पत्थर के नीचे दबाकर–किया जाएगा; पर भक्ति से बड़ी

Adda247
GET IT ON Google Play



उमंग के साथ हृदय से होता हुआ दिखाई देगा। कर्तव्य और शील का वही आचरण सच्चा है जो आनन्द पूर्वक हर्ष पुलक के साथ हो।

6. सदाचार किस से परवर्तित होता है ?
   (A) प्रेम और भक्ति द्वारा
   (B) भक्ति और धर्म द्वारा
   (C) ज्ञान और भक्ति द्वारा
   (D) धार्मिक भावना द्वारा

7. भक्ति द्वारा परवर्तित सदाचार का अनुष्ठान कैसे होता है?
   (A) भक्ति और ज्ञान से
   (B) कष्ट से किन्तु हृदय से
   (C) ज्ञान और हृदय से
   (D) आनन्द और हृदय से

8. ज्ञान द्वारा परवर्तित सदाचार का पता कैसे लगता है ?
   (A) प्रेमपूरक हृदय को दबाकर
   (B) बुद्धि के प्रयोग द्वारा
   (C) हृदय को साथ लेकर
   (D) कष्ट पूर्वक हृदय को दबाकर

9. कर्तव्य और शील का कौन–सा आचरण सत्य है ?
   (A) जो आनन्द और हर्ष से युक्त हो
   (B) जो कर्तव्य और ज्ञान से युक्त हो
   (C) जो हृदय और बुद्धि से युक्त हो
   (D) जो ज्ञान और बुद्धि से युक्त हो

10. हृदय की वह कौन–सी स्थाई दशा है जो सदाचार को प्रेरित करती है ?
   (A) ज्ञान दशा
   (B) शील दशा
   (C) भक्ति दशा
   (D) प्रेम दशा

11. अस्तित्ववाद का उद्घोषक किसे माना जाता है ?
   (A) ज्यांपालसार्त्र
   (B) कामू
   (C) हाइडेगर
   (D) कीर्केगार्द

12. अमीर खुसरो की यह पंक्ति क्या है ? पान सड़ाक्यों, घोड़ा अड़ा क्यों ?
   (A) पहेली
   (B) दो सुखने
   (C) ढकोसला
   (D) मुकरी

Adda247
GET IT ON Google Play



**13.** विद्यापति ने अपने किस पूर्ववर्ती कवि को ''कायस्थमा सुरसिद्ध भउ चन्द्र तुलाइब शशिधर'' कहकर सम्मानित किया है ?

(A) उमापति

(B) दीवान रामकुमार सिंह

(C) अमृतकर

(D) दलेल सिंह

**14.** ''बहुत दिनन की जोवती बाट तुम्हारी राम'' पंक्ति में बाट कौन देखती है ?

(A) प्रेमिका

(B) आत्मा

(C) विरहणी

(D) जीव

**15.** ''हम तो दुहुँ भांति फल पायो'' ये पंक्तियाँ किसके द्वारा किसको कही गई हैं ?

(A) गोपियाँ कृष्ण को कहती हैं

(B) गोपियाँ उद्धव को कहती हैं

(C) गोपियाँ स्वयं से कहती हैं

(D) गोपियाँ आपस में कहती हैं

**16.** अंजो दीदी का मुख्य पात्र है

(A) अंजो दीदी

(B) अंजलि

(C) सुमेधा

(D) अनामिका

**17.** 'एक और द्रोणाचार्य' नाटककार ने किस व्यवस्था पर प्रश्न उठाया है ?

(A) राजनीति

(B) आर्थिक

(C) धार्मिक

(D) शिक्षा

**18.** गणपतिचन्द्र गुप्त के अनुसार निबन्ध कितने प्रकार के होते हैं ?

(A) छः

(B) पांच

(C) सात

(D) तीन

**19.** दिल्ली दरबार दर्पण का प्रकाशन वर्ष क्या है ?

(A) 1870 ईसवी

(B) 1877 ईसवी

(C) 1891 ईसवी

(D) 1903 ईसवी

**20.** 'मजदूरी और प्रेम' निबन्ध में पूर्ण सिंह ने किसके बारे में लिखा है ?

(A) मजदूर

(B) किसान

(C) तपस्वी

(D) दलित

Adda247 GET IT ON Google Play



**21.** अच्छा रचनाकार कविता में अत्यंत संयमित आत्मभिव्यक्ति करता है, वह अपनी भावनाओं तथा वैयक्तिकता से अधिकतम दूरी बनाए रखते हुए काव्य रचना करता है । ये मान्यता किसकी है ?

(A) कॉलरिज

(B) वर्ड्सवर्थ

(C) रिचर्ड्स

(D) टी. एस. इलियट

**22.** कानपुर के रसिक समाज में 'पपीहे जब पूछी है पीव कहाँ' यह समस्या पूर्ति किसने की ?

(A) बालकृष्ण भट्ट

(B) प्रतापनारायण मिश्र

(C) बालमुकुंद गुप्त

(D) भारतेंदु हरीश्चंद्र

**23.** फोर्ट विलियम कॉलेज के संबंध में कौन–सा कथन सही नहीं है ?

(A) इस कॉलेज के प्राचार्य जॉन गिलक्राइस्ट थे

(B) इसकी स्थापना 1800 ईसवी में हुई थी

(C) इंग्लैंड से नवागत अफसरों के प्रशिक्षण की व्यवस्था थी

(D) आधुनिक भारतीय भाषाओं की जानकारी नहीं दी जाती थी

**24.** किस सन्दर्भ पर महात्मा गाँधी और डॉ. अम्बेडकर के बीच मतभेद था ?

(A) करुणा

(B) लोकतंत्र

(C) अलग मतदाता सूची

(D) अहिंसा

**25.** निम्न पत्रिकाओं के सम्पादकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| a. सुधाकर सप्ताहिक | 1. प्रताप नारायण मिश्र |
| b. बंगदूत सप्ताहिक | 2. राजा राम मोहनराय |
| c. भारतेंदु | 3. बद्रीनारायण चौधरी |
| d. आनन्द कादम्बिनी | 4. पंडित राधा चरण गोस्वामी |
| | 5. बाबू तारा मोहन मित्र |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 5 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 5 | 4 | 1 |
| (C) | 5 | 3 | 4 | 2 |
| (D) | 5 | 2 | 1 | 3 |

**26.** 'परीक्षा गुरु' में किसके पतन और उद्धार की कथा है ?

(A) लाला श्रीनिवास दास

(B) मदन मोहन

(C) रामप्रसाद

(D) दया राम

Adda247 GET IT ON Google Play



**27.** 'शेखर एक जीवनी' उपन्यास का पात्र नहीं है

(A) सरस्वती

(B) शारदा

(C) शशी

(D) बिमला

**28.** 'गोदान' का पात्र गोबर किस वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है ?

(A) कृषक वर्ग

(B) शहरी वर्ग

(C) युवा वर्ग

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**29.** 'देवरानी-जेठानी की कहानी' उपन्यास का पात्र है

(A) दौलत राम

(B) चमन

(C) श्यामो की बुआ

(D) नन्द लाल

**30.** 'झूठा सच्च' उपन्यास का दूसरा भाग है

(A) समय की पुकार

(B) देश का भविष्य

(C) गुलामी की जंजीर

(D) देश का पतन

**31.** 'कविता क्या है' किस तरह का निबन्ध है ?

(A) आलोचनात्मक

(B) विश्लेषणात्मक

(C) वर्णात्मक

(D) विवेचनात्मक

**32.** "रेखाचित्र वस्तु, व्यक्ति अथवा घटना का शब्दों द्वारा विनिर्मित वह मर्मस्पर्शी और भावमय रूप विधान है, जिसमें कलाकार का संवेदनशील हृदय और उसकी सूक्ष्म पर्यवेक्षण दृष्टि अपना निजीपन उड़ेलकर प्राण प्रतिष्ठा कर देती है" किसका कथन है ?

(A) बनारसी दास चतुर्वेदी

(B) प्रकाश चंद गुप्त

(C) गोविन्द त्रिगुणायत

(D) डॉ. पदम् सिंह शर्मा

**33.** 'मुर्दहिया' किस विधा की रचना है ?

(A) जीवनी

(B) डायरी

(C) आत्मकथा

(D) संस्मरण

**34.** "पार उतरि कहं जइ हौ" किसकी रचना है ?

(A) प्रभाकर द्विवेदी

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) राम अवध द्विवेदी

(D) अशोक द्विवेदी

Adda247 GET IT ON Google Play



**35.** ''संस्कृति के चार अध्याय'' पुस्तक को साहित्य अकादमी पुरस्कार कब मिला ?

(A) 1956 ईसवी

(B) 1959 ईसवी

(C) 1963 ईसवी

(D) 1977 ईसवी

**36.** कालक्रम की दृष्टि से सही अनुक्रम क्या है ?

(A) पहल, कल्पना, सारिका, मतवाला

(B) कल्पना, मतवाला, सारिका, पहल

(C) मतवाला, कल्पना, सारिका, पहल

(D) सारिका, मतवाला, पहल, कल्पना

**37.** कालक्रम की दृष्टि से निम्नलिखित नाटकों का सही अनुक्रम क्या होना चाहिए ?

(A) लहरों के राजहंस, आसाढ़ का एक दिन, पैर तले की जमीन, आधे-अधूरे

(B) आसाढ़ का एक दिन, पैर तले की जमीन, आधे-अधूरे, लहरों के राजहंस

(C) आधे-अधूरे, लहरों के राजहंस, आसाढ़ का एक दिन, पैर तले की जमीन

(D) आसाढ़ का एक दिन, लहरों के राजहंस, आधे-अधूरे, पैर तले की जमीन

**38.** किस एकांकी में संयुक्त परिवार की समस्या को उजागर किया गया है ?

(A) बहनें

(B) सूखी डाली

(C) अधिकार का रक्षक

(D) तौलिये

**39.** रामचंद्र शुक्ल की आलोचनात्मक कृति कौन-सी है ?

(A) काव्य मीमांसा

(B) साहित्यलोचन

(C) सिद्धांत और अध्ययन

(D) रसमीमांसा

**40.** राधिकारमण प्रसाद सिंह की कहानी 'कानों में कंगना' कब प्रकाशित हुई ?

(A) 1915

(B) 1913

(C) 1911

(D) 1909

**41.** सही मिलन करें ।

| | |
|---|---|
| a. चन्द्रदेव से मेरी बातें | 1. सुभद्रा कुमारी चौहान |
| b. राही | 2. शेखर जोशी |
| c. कोसी का घटवार | 3. राजेन्द्र बाला घोष |
| d. पिता | 4. ज्ञान रंजन |
| | 5. भीष्म साहनी |

**कूट :**

(A) 3, 1, 2, 4

(B) 4, 5, 3, 2

(C) 3, 5, 4, 1

(D) 3, 2, 4, 1

Adda247 GET IT ON Google Play



42. 'अपना-अपना भाग्य' में मुख्य पात्र कौन है ?

(A) स्वयं लेखक

(B) लेखक का मित्र

(C) बालक

(D) बूढ़ा व्यक्ति

43. 'अंधेर नगरी' नाटक में निम्न पात्र नहीं है

(A) गोवर्धन दास

(B) महंत

(C) नारायण दास

(D) शिवपाल

44. 'आगरा बाजार' नाटक में ककड़ी बेचने वाला किसकी कविता गाकर अपना सामान बेचता है ?

(A) नजीर अकबराबादी

(B) अमीर मीनाई

(C) अलामा इक़बाल

(D) सीमाम अकबराबादी

45. अनमेल छांटिए ।

(A) आषाढ़ का एक दिन – मोहन राकेश

(B) सिंदूर की होली – लक्ष्मी नारायण लाल

(C) मजदूर की बीबी – हबीब तनवीर

(D) बकरी – सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

46. निम्नलिखित में से पूर्वी हिंदी की बोली कौन-सी है ?

(A) भोजपुरी

(B) बुन्देली

(C) बघेली

(D) मेवाती

47. 'कौरवी' नामकरण किस विद्वान ने किया ?

(A) जार्ज ग्रियर्सन

(B) धीरेन्द्र वर्मा

(C) रामचंद्र शुक्ल

(D) राहुल सांकृत्यायन

48. हिंदी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन-सा है ?

(A) पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी

(B) अपभ्रंश, पालि, हिंदी, प्राकृत

(C) प्राकृत, पालि, अपभ्रंश, हिंदी

(D) हिंदी, अपभ्रंश, प्राकृत, पालि

49. अपभ्रंश के लिए अवहट्ट शब्द पहली बार किस विद्वान ने प्रयोग किया ?

(A) आचार्य विश्वनाथ

(B) ज्योतिश्वर ठाकुर

(C) हेमचन्द्र

(D) दामोदर पंडित

Adda247 GET IT ON Google Play



50. 'देवनागरी दुनिया की सर्वाधिक वैज्ञानिक लिपि है', यह कथन किसका है ?

(A) आचार्य विनोबा भावे

(B) महात्मा गाँधी

(C) राहुल सांकृत्यायन

(D) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

51. ''नभ धरणी बीच बना जीवन रहस्य निरुपाय'' पंक्ति कामायनी के किस सर्ग में से ली गई हैं ?

(A) चिंता

(B) श्रद्धा

(C) लज्जा

(D) इड़ा

52. ''दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद/धुआँ उठा आंगन से ऊपर कई दिनों के बाद'' किस कवि की पंक्तियाँ हैं ?

(A) धूमिल

(B) नागार्जुन

(C) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(D) शमशेरबहादुर सिंह

53. अज्ञेय की इन रचनाओं का कालक्रम निर्धारित कीजिए ।

(A) इत्यलम, सुनहरे सैवाल, भग्नदूत, महावृक्ष के नीचे

(B) भग्नदूत, इत्यलम, महावृक्ष के नीचे, सुनहरे सैवाल

(C) भग्नदूत, इत्यलम, सुनहरे सैवाल, महावृक्ष के नीचे

(D) इत्यलम, भग्नदूत, सुनहरे सैवाल, महावृक्ष के नीचे

54. ''राम की शक्ति पूजा'' कविता संग्रह किस वर्ष प्रकाशित हुआ ?

(A) 1936 (B) 1932

(C) 1933 (D) 1938

55. निम्नलिखित कविताओं में कौन–सी कविता मुक्तिबोध की नहीं है ?

(A) मेरे सहचर मित्र

(B) मैं तुम लोगों से दूर हूँ

(C) मुझे याद आते हैं

(D) एक आदमी

56. भाव एवं मनोविकार से सम्बंधित निबंध किस संग्रह में संकलित हैं ?

(A) चिंतामणि भाग 1

(B) चिंतामणि भाग 2

(C) चिंतामणि भाग 3

(D) चिंतामणि भाग 4

**57.** निम्नलिखित नामों में से मिश्रबन्धु नहीं है

(A) गणेश बिहारी मिश्र

(B) सुखदेव बिहारी मिश्र

(C) श्याम बिहारी मिश्र

(D) कृष्ण बिहारी मिश्र

**58.** इन रचयिताओं के साथ सुमेलित कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. खुमान रासो | 1. चंदबरदाई |
| b. परमाल रासो | 2. अब्दुर्रहमान |
| c. बीसलदेव रासो | 3. दलपति विजय |
| d. पृथ्वीराज रासो | 4. नरपति नाल्ह |
| | 5. जगनिक |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 5 | 4 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 5 | 4 |
| (C) | 5 | 4 | 3 | 2 |
| (D) | 2 | 3 | 5 | 1 |

**59.** पुष्टिमार्ग में बताए गए तीन प्रकार के जीवों में से कौन–सा नहीं है ?

(A) पुष्टि जीव

(B) सृष्टि जीव

(C) मर्यादा जीव

(D) प्रवाह जीव

**60.** तुलसीदास की किस रचना में संत महंतो के लक्षण वर्णित हैं ?

(A) जानकी मंगलवार

(B) रामाज्ञा प्रश्न

(C) वैराग्य संदीपनी

(D) पार्वती मंगल

**61.** 'धरती धन न अपना' में पंजाब के किस क्षेत्र का वर्णन मिलता है ?

(A) मालवा

(B) माझा

(C) दोआबा

(D) डूगर

**62.** 'इंदुमती' कहानी को किसने पहली मौलिक कहानी माना ?

(A) नंददुलारे वाजपेयी

(B) डॉ. नगेन्द्र

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

**63.** 'ग्यारह वर्ष का समय' कहानी का प्रकाशन वर्ष निम्न है

(A) 1903 ईसवी

(B) 1907 ईसवी

(C) 1900 ईसवी

(D) 1911 ईसवी

**64.** 'एक टोकरी भर मिट्टी' कहानी 1901 ईसवी में किस पत्रिका में छपी थी ?

(A) छतीसगढ़मित्र

(B) वृतांत

(C) बनारस अख़बार

(D) सुदर्शन

Adda247 GET IT ON Google Play



**65.** 'उसने कहा था' कहानी के पात्र लहना सिंह के मित्र का नाम बताएं।

(A) बीर सिंह

(B) अजित सिंह

(C) किरत सिंह

(D) देवा सिंह

**66.** कालक्रम की दृष्टि से साहित्य सिद्धांतों का सही अनुक्रम है

(A) रस, रीति, अलंकार, ध्वनि

(B) रस, अलंकार, ध्वनि, रीति

(C) रस, अलंकार, रीति, ध्वनि

(D) अलंकार, रस, ध्वनि, रीति

**67.** पाश्चात्य समीक्षकों का जन्म की दृष्टि से सही अनुक्रम क्या है ?

(A) प्लेटो, अरस्तू, लोंजाइनस, कॉलरिज

(B) अरस्तू, प्लेटो, कॉलरिज, लोंजाइनस

(C) प्लेटो, लोंजाइनस, अरस्तू, कॉलरिज

(D) प्लेटो, लोंजाइनस, कॉलरिज, अरस्तू

**68.** कॉलरिज ने कल्पना के कितने भेद किये हैं ?

(A) दो

(B) चार

(C) पाँच

(D) सात

**69.** काव्यभाषा के सन्दर्भ में कौन-सी मान्यता वर्ड्सवर्थ की नहीं है ?

(A) गद्य और काव्य की भाषा में कोई तात्विक भेद नहीं है

(B) भाषा में कृत्रिमता और आडम्बरवाद पुराने कवियों की देन है

(C) भाषा में मिथक और बिम्बों का प्रयोग होना चाहिए

(D) काव्य में ग्रामीणों की दैनिक बोलचाल की भाषा प्रयुक्त हो

**70.** जब किसी शब्द में विशेष संकेत, अनेकार्थकता तथा अप्रस्तुत अर्थ की विशेषता होती है, तो उसे क्या कहते हैं ?

(A) फंतासी

(B) प्रतीक

(C) बिम्ब

(D) मिथक

**71.** 'तौलिया' मूलत: किस भाषा का शब्द है ?

(A) तुर्की

(B) पुर्तगाली

(C) हिंदी

(D) उर्दू

Adda247
GET IT ON Google Play



**72.** कम्प्यूटर पर हिंदी का पहला प्रोटोटाइप टर्मिनल कब तैयार हुआ ?

(A) 1977

(B) 1978

(C) 1976

(D) 1970

**73.** देशज और घरेलू शब्दावली का प्रयोग भाषा के किस रूप में होता है ?

(A) विभाषा

(B) सम्पर्क भाषा

(C) टकसाली भाषा

(D) बोली

**74.** इनमें से कौन–सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में नहीं है ?

(A) भोजपुरी

(B) बोड़ो

(C) संथाली

(D) डोगरी

**75.** हिन्दुस्तानी भाषा का रूप क्या है ?

(A) ब्रज अवधि का मिश्रित रूप

(B) हिंदी उर्दू मिश्रित

(C) दक्खिनी हिंदी

(D) संस्कृतनिष्ठ

**76.** भवानी प्रसाद मिश्र की किस कृति पर साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है ?

(A) बुनी हुई रस्सी

(B) कालजयी

(C) गीतफरोश

(D) गाँधी पंचशती

**77.** रामधारी सिंह दिनकर की कृति 'रश्मिरथी' कौन–सी विधा की रचना है ?

(A) गीतिकाव्य

(B) खंडकाव्य

(C) चम्पूकाव्य

(D) महाकाव्य

**78.** महादेवी वर्मा पर किस दर्शन का प्रभाव था ?

(A) जैन दर्शन

(B) बौद्ध दर्शन

(C) शैव दर्शन

(D) वेदांत दर्शन

**79.** कामायनी में कितने सर्ग हैं ?

(A) 13

(B) 15

(C) 9

(D) 18

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play



**80.** 'मैला आँचल' का प्रकाशन वर्ष

(A) 1954 ईसवी

(B) 1948 ईसवी

(C) 1957 ईसवी

(D) 1960 ईसवी

**81.** 'अरे यायावर रहेगा याद' में कितने यात्रा वृत्तांतों का वर्णन है ?

(A) छः (B) आठ

(C) ग्यारह (D) दस

**82.** रिपोर्ताज किस भाषा का शब्द है ?

(A) जर्मनी (B) अंग्रेजी

(C) फ्रांसीसी (D) जापानी

**83.** 'अतीत के चलचित्र' के लेखक कौन हैं ?

(A) रामवृक्ष बेनीपुरी

(B) डॉ. नगेन्द्र

(C) कृष्णा सोबती

(D) महादेवी वर्मा

**84.** 'सम्यक स्मृति' किस विधा का सार्थक अर्थ है ?

(A) संस्मरण

(B) रेखाचित्र

(C) डायरी

(D) यात्रा साहित्य

**85.** 'शिकंजे का दर्द' किस लेखिका की आत्मकथा है ?

(A) चन्द्रकान्ता

(B) सुशीला टाकभौरे

(C) कौशल्या बैसन्त्री

(D) प्रभा खेतान

**86.** कामायनी के तीसरे सर्ग का नाम क्या है ?

(A) आशा

(B) लज्जा

(C) चिंता

(D) श्रद्धा

**87.** महावीर प्रसाद द्विवेदी कृत 'अनुमोदन का अंत' किस विधा के अंतर्गत आती हैं ?

(A) जीवनी

(B) पत्र साहित्य

(C) संस्मरण

(D) यात्रा साहित्य

**88.** 'चेखव : एक इंटरव्यू' किसकी रचना है ?

(A) राजेन्द्र यादव

(B) प्रभाकर माचवे

(C) पद्म सिंह शर्मा कमलेश

(D) कमलेश्वर

Adda247 GET IT ON Google Play



89. हिंदी के प्रथम रिपोर्ताज के लेखक कौन हैं ?

(A) शमशेर बहादुर सिंह

(B) शिवसागर मिस्र

(C) शिवदान सिंह चौहान

(D) धर्मवीर भारती

90. प्रवासी साहित्य को 'संस्कृतियों के संगम की खूबसूरत कथाएँ' किसने कहा है ?

(A) सुषम बेदी

(B) राजेन्द्र यादव

(C) सूर्यबाला

(D) अभिमन्यु अनंत

91. स्त्री विमर्श की मूल स्थापना नहीं है

(A) परिवार संस्था का जनतांत्रीकरण

(B) सतीत्व ही स्त्रीत्व है

(C) सामाजिक वर्जनाओं से मुक्ति

(D) स्त्री के स्वतंत्र व्यक्तित्व की स्वीकार्यता

92. कौन–सा उत्तर आधुनिकता का तत्व नहीं है ?

(A) केंद्रवाद

(B) विखंडन

(C) विकेंद्रीयता

(D) स्थानीयता

93. पुनर्जागरण के संबंध में कौन–से कथन सही हैं ?

a. दो जातीय संस्कृतियों की टकराहट

b. परम्पराओं का यथातथ्य अनुपालन

c. मनुष्य के सम्पूर्ण तथा संश्लिष्ट रूप की खोज

d. मनुष्य की आदम प्रवृत्तियों की तलाश

नीचे दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनिए :

(A) a और c

(B) c और d

(C) a, b और d

(D) b और c

94. कौन–सी अवधारणा मार्क्सवादी विचारधारा के प्रतिकूल है ?

(A) परिवर्तन की अनिवार्यता

(B) सर्वहारा का अधिनायकत्व

(C) इतिहास चक्र

(D) वर्गहीन समाज

95. आदिवासी की मूल स्थापना नहीं है

(A) सत्ता के प्रति मोह

(B) जल, जंगल, जमीन पर अधिकार

(C) जन जातियों के विस्थापन का त्रास

(D) सांस्कृतिक पहचान के लिए संघर्ष

Adda247 GET IT ON Google Play



**96.** सही सुमेलित कीजिए ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | इस्त्वार द ला लितरेत्यूर ऐन्दुई ऐन्दुस्तानी | 1. | डॉक्टर किशोरी लाल गुप्त |
| b. | हिंदी साहित्य का इतिहास | 2. | डॉक्टर बच्चन सिंह |
| c. | हिंदी साहित्य का प्रथम इतिहास | 3. | आचार्य रामचंद्र शुक्ल |
| d. | हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास | 4. | ग़ार्सा-द-तासी |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**97.** 'हिंदी साहित्य का इतिहास दर्शन' किसकी रचना है ?

(A) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) डॉ. गणपतिचन्द्र गुप्त

(C) नलिन विलोचन शर्मा

(D) डॉ. इंद्रनाथ मदान

**98.** निम्न में से कौन-सा सही सुमेलित है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | रीतिकाल | 1. | रमाशंकर शुक्ल रसाल |
| b. | अलंकृतकाल | 2. | आचार्य विश्वनाथप्रसाद मिश्र |
| c. | शृंगारकाल | 3. | मिश्रबंधु |
| d. | कलाकाल | 4. | रामचंद्र शुक्ल |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**99.** 'हिंदी साहित्य के इतिहासों का इतिहास' किसकी रचना है ?

(A) किशोरी लाल गुप्त

(B) मोती लाल गुप्त

(C) परमेश्वरी लाल गुप्त

(D) कन्हैया सिंह

**100.** छायावाद का घोषणा-पत्र (मेनिफ़ेस्टो) किसको कहा जाता है ?

(A) 'हिंदी में छायावाद'

(B) दीपशिखा

(C) 'पल्लव' की भूमिका

(D) 'कामायनी' की भूमिका

Adda247
GET IT ON Google Play



Space for Rough Work

Adda247